**खबर संक्षेप**

### मयंक मिश्रा का नायब तहसीलदार पद के लिये हुआ चयन



**मण्डला।** मध्यप्रदेश राज्य सेवा आयोग परीक्षा की चयन सूची में आजाद वार्ड मण्डला निवासी मुकेश मिश्रा के सुपुत्र मयंक मिश्रा ने नायब तहसीलदार पद पर 7वीं रैंक प्राप्त की है। टाईपिंग इंस्टीट्यूट के संचालक श्री मिश्रा के पुत्र की इस उपलब्धि पर उनकी माता श्रीमति संध्या मिश्रा सहित सभी नगरवासियों ने एवं स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुये उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### मुख्य बाजार में सुलभ कॉम्पलेक्स की फिर उठी मांग

**मण्डला।** नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र में सुलभ कॉम्पलेक्स की मांग वर्षो पुरानी है ज्ञात हो कि इस पूरे बाजार क्षेत्र में एक भी सुविधा घर नहीं है जिसका उपयोग यहां के व्यापारी या फिर इन दुकानों में काम करने वाले कर्मचारी कर सकें और तो और बाजार में आने वाली महिलाओं के लिये यह एक बहुत बड़ी समस्या है जिसके समाधान के लिये यहां के व्यापारी कृष्णकुमार जसवानी लगातार संघर्ष करते रहे हैं इनके द्वारा न केवल जनप्रतिनिधियों बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों को भी लगातार इस मांग से संबंधित ज्ञापन दिया जाता रहा है यह नगरपालिका परिषद तीसरी होगी जिसके सामने इन्होंने यह मांग फिर रखी है।

## बिना विज्ञापन निकाले कर ली गई अतिथि शिक्षको की भर्ती

# बम्हनी हाईस्कूल प्रभारी प्राचार्य की मनमानी

*** भुगतान को लेकर भी किया भेदभाव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास




शिक्षा विभाग व शासन विद्यार्थियों के लिए हर संभव प्रयास करता है की अध्यनरत छात्रों को पढ़ाई करने मे कोई समस्या ना हो, शिक्षको की कमी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग योग्य अतिथि शिक्षक चयन करता है। लेकिन बम्हनी स्कूल प्रभारी द्वारा अतिथि शिक्षको की भर्ती नियम विरुद्ध कर लिया गया है मिडिल स्कूल में पदस्थ दीपक दुबे जिनको हाई स्कूल बम्हनी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, प्रभार लेते ही ये अपने आपको फुल फ्रेश प्राचार्य मान बैठा है और अपने आपको सर्वोपरि नियुक्तिकर्ता मानते है जबकि खुद अतिथि शिक्षक मे कई वर्षो काम के चुके है फिर भी अतिथि शिक्षक की पीड़ा को ही नहीं समझ रहे हैं, जिसकी लिखित शिकायत कलेक्टर से की गई लेकिन कार्यवाही नहीं होने से स्कूल प्रभारी के हौसले बुलंद हो गए है लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल आयुक्त व हाईकोर्ट के आदेश है विगत वर्ष कार्यरत ऐसे अतिथि शिक्षक जिनका रिज़ल्ट 30% से अधिक आए उन्हीं को प्राथमिकता दी जाए, बिना सहमति पत्र लिए किसी अन्य अतिथि शिक्षको की नियुक्ति नहीं करना है लेकिन विगत वर्ष सामाजिक विज्ञान में कार्य करने महिला अतिथि शिक्षिका जिसने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 89% रिज़ल्ट दिए उनकी भर्ती ना करके किसी बिना बीएड, डीएड वाले अप्रशिक्षित की नियुक्ति बिना विज्ञापन के ही कर ली गई है शिकायत के बाद आनन-फानन में ही 12 सितंबर के बाद फर्जी नियुक्ति किए गए अतिथि को हटा दिया गया ताकि जांच मे पता ना चाल पाए कुछ समय के बाद फिर उसी की नियुक्ति कर दी गई जिनसे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी और स्कूल प्रभारी की मिली भगत से निकालो नियुक्ति करो का सिलसिला जारी रहा लेकिन जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत करने के बाद भी स्कूल प्रभारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक व निलंबन की कार्यवाही क्यों नहीं कि गई, ऐसे कई जिलों है जिसमे अतिथि शिक्षको भर्ती में अनियमिताएं पाए जाने पर प्रभारी प्राचार्य व बीईओ को निलंबन किया गया लेकिन यहां तो नियुक्ति करना और हटा देना खेल जैसा बन गया है आख़िर जब नियम विरुद्ध भर्ती की गई तो कार्यवाही क्यों नहीं की गई? क्या राजनैतिक संरक्षण में भर्ती की गई है।

### सीएम हेल्प लाइन का कोई असर नहीं

सीएम हेल्पलाइन शिकायत क्रमांक 235596,8 जिसकी शिकायत 4 अगस्त 23 को गई, लेकिन अभी तक कोई निराकरण नहीं हुआ अचार सहिता के कारण शिकायत हुई लंबित लेकिन एल 3 मे शिकायत होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं कि गई जांच कर कार्यवाही होना चाहिए उक्त प्राचार्य सी एम हेल्पलाइन को मजाक बना रखे है दोषी शिक्षक के उपर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है क्या पूरा सत्र निकल जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

### उपस्थिति के बाद भी किया गया कम भुगतान

अतिथि शिक्षक मे कार्यरत हर शिक्षको का पूरा भुगतान किया गया लेकिन 5 कालखंड (पीरियड) में अध्यापन कार्य किए जाने के बाद भी हर माह का कम भुगतान किया गया। जबकि अन्य अतिथि शिक्षको का अनुपस्थिति होने के बाद भी पूरा भुगतान किया गया। आखिर ऐसा भेदभाव क्यों? इसकी जांच होनी चाहिए। जब रजिस्टर मे जानकारी चाही गई तो, उपस्थिति रजिस्टर दिखाने से मना किया और कहा जाओ किसी उच्च अधिकारियों से लिखवा लाओ, तब मे दिखा दूंगा। उपस्थिति रजिस्टर में की गई काटा पीटी और अपनी कमी को बचाने के लिए इस सत्र 2022-23 का नया रजिस्टर बनाया। ताकि खुद की कमी का पता ना चल सके। उचित जांच कर निष्पक्ष कार्यवाही होनी चाहिए।

### बिना आदेश के प्रयोगशाला अतिथि शिक्षक का चयन किया गया

मण्डला जिले सहित किसी भी विकासखण्ड हाईस्कूल में विज्ञान प्रयोगशाला अतिथि शिक्षक की भर्ती करने का आदेश नहीं है तो फिर हाई स्कूल प्रभारी दीपक दुबे ने अपनी मनमानी करते हुए बिना किसी आदेश के ही बम्हनी हाई स्कूल में प्रयोगशाला सहायक अतिथि शिक्षक की भर्ती क्यों कर लिए है वहीं हर माह प्रयोगशाला अतिथि शिक्षक का भुगतान दस हजार रूपए किया जा रहा है मतलब शासन की राशि का दुरुपयोग करने का अधिकार किसने दिया।

मामले की जांच हेतु जिला स्तरीय जांच कमेटी की गई थी तो उस जांच टीम में निवास बीईओ को क्यों लिया गया, क्योंकि एक दूसरे की मौन स्वीकृति से ही भर्ती की गई है जिसके कारण अभी तक कोई निलंबन व अनुशासनात्मक कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है जो लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेश की खुली अवहेलना है।

### इनका कहना है--

*जांच कर दिखवा लेता हूं जो भी होगा उचित कार्यवाही की जाएगी।*

**-एल.एस. जगोत,**
**(सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मण्डला)**

## सरकार विकास के नये कीर्तिमान स्थापित करेगी-संपतिया उइके



*** स्वागत रैली के उपरांत आयोजित हुई धन्यवाद सभा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला नगर के चौपाटी के सामने आयोजित धन्यवाद सभा में मण्डला विधानसभा क्षेत्र की विधायक एवं केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के वरिष्ठजनों, युवाओं, मातृशक्ति सामाजिक संगठनों के मार्गदर्शन में मण्डला जिले के विकास की नयी कार्ययोजना स्थापित कर जनमानस के भाव का ध्यान रखते हुए विकास कार्यों को गति देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार प्रदेश के नेतृत्व में विकास की नयी इबारत लिखी जायेगी। एमपी के मन में मोदी, मोदी के मन में एमपी का संकल्प वाक्य को हम धरातल में उतारेंगे। गांव, गरीब, पिछडे, वंचित, मातृशक्ति किसान, युवा, व्यापारियों के कल्याण और विकास के साथ-साथ जिले के हर संभव कार्य को समय सीमा में करना मेरी प्राथमिकता होगी। प्रदेश का नवगठित मंत्री मण्डल में मुझे जो स्थान मिला है उसके लिए मैं राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का अभार व्यक्त करती हूं साथ ही मण्डला विधानसभा की जनता जर्नादन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सभी का अभिवादन करते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को विजय दिलाने में जिनका भी योगदान है उनके प्रति मैं हमेशा ऋणी रहूंगी श्रीमति उइके ने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ हम काम करेंगे और देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी के लिए समर्पित भाव के साथ क्षेत्र के विकास एवं जनसेवा के कार्य मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सभी बूथ के मतदाता कार्यकर्ता, मातृशक्ति, किसान, युवा तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं का अभार व्यक्त करते हुए कहा कि मण्डला विधानसभा की जीत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत है उन्हीं के प्रयास से आज उन्हें केबिनेट मंत्री का पद मिला है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी सहित जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

### ईव्हीएम मशीनों की कमिशनिंग 2 को................

**मण्डला।** पंचायतों के उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध) हेतु ईव्हीएम मशीनों के एफएलसी एवं कमीशनिंग 2 जनवरी 2024 को प्रातः 11 बजे से रानी फूलकुंवर शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मंडला छात्रावास क्रं. 5 में की जाएगी। कमिशनिंग के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

## केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके का मण्डला जिला आगमन पर हुआ ऐतिहासिक स्वागत

*** 80 कि.मी.लंबे रास्ते में जगह-जगह हुआ आत्मीय स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश मंत्रीमण्डल में केबिनेट मंत्री की शपथ लेने के पश्चात मण्डला विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमति संपतिया उइके पहली बार मण्डला जिला आगमन हुआ। यहां मण्डला जिले की सीमा क्षेत्र से लेकर मण्डला शहर तक लगभग 80 कि.मी.लंबे रास्ते में सैकड़ों जगह जनसमूह स्वागत के लिए उमड़ा और उनका आत्मीय स्वागत किया गया मण्डला नगर में किसी राजनैतिक दल के जनप्रतिनिधि का भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत का यह पहला अवसर था जब भारतीय जनता पार्टी सामाजिक संगठन, मातृशक्ति, युवाओं सहित अन्य राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं ने भी श्रीमति उइके का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। जगह-जगह मिठाईयां,फल से उनका तुलादान किया गया। विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने आरती उतारी, मिठाईयां व फल वितरण, आतिशबाजी के साथ-साथ भारी मात्रा में पुष्पवर्षा कर जगह-जगह उनकी अगवानी करते हुए जयकारे लगाये गये। नंगाडे, बैंड, धमाल की धुन पर कार्यकर्ताओं ने उमंग और उत्साह के साथ नृत्य करते नजर आये। जिले के बीजाडांडी, नारायणगंज, बकोरी, मण्डला नगर ग्रामीण मण्डल में कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने विभिन्न प्रमुख स्थानों पर जनसमूह



के साथ स्वागत किया। वहीं निवास, बबलिया,मोहगांव, घुघरी, मवई, बिछिया, अंजनिया, घुटास, चिरईडोंगरी, बम्हनी, नैनपुर नगर ग्रामीण के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि स्वागत रैली में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, डॉ संजय कुशराम जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, डॉ शिवराज शाह, रामप्यारे कुलस्ते, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगरपरिषद, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, के जनप्रतिनिधि अध्यक्ष उपाध्यक्ष, समस्त मण्डल अध्यक्ष, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं संयोजक एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व पदाधिकारी सहित स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

### धार्मिक स्थलों में पूजा एवं महापुरूषों की मूर्ति पर माल्यर्पण किया

मध्यप्रदेश शासन की केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके अपने स्वागत रैली एवं अभिवादन के दौरान मार्गों में स्थित धार्मिक स्थलों में पहुंचकर विधिवत पूजा पाठ की तथा महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्यस्मरण किया। मण्डला नगर में सरदार वल्लभभाई पटेल, रानी अवंतिबाई, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ भीमराव अंबेडकर, शहीद उदयचंद जैन, की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## पुलिस द्वारा लौटाये गये मोबाइल मालिकों को 88 मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



वर्तमान समय में मोबाइल किसी भी व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण भाग है, ऐसे में यदि मोबाइल खो जाता है तो व्यक्ति को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता है, मोबाइल आवेदको की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा सायबर सेल में गुम मोबाइल की दस्तयाबी हेतु टीम का गठन कर शिकायतो पर शीघ्र कार्यवाही कर मोबाइल दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। सायबर सेल एवं थाना कोतवाली सायबर नोडल की मोबाइल रिकवरी टीम ने कार्यवाही के दौरान विगत 01 माह में विभिन्न जिलों में समन्वय स्थापित कर विभिन्न थाना क्षेत्र के शिकायतों में 88 मोबाइल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई है। जिन्हे थानों द्वारा मालिकों को सौपें गये। थाना में प्राप्त शिकायतों में थाने द्वारा प्रार्थियों को मोबाईल प्रदान किये गये। साथ ही मंडला पुलिस द्वारा वर्ष 2023 में समय समय पर सायबर सेल के माध्यम से अभियान चलाकर 201 मोबाईल सर्च कर उनके वास्तविक धारक को सौपे गये। कंट्रोल रूम में थाना कोतवाली एवं महाराजपुर क्षेत्र में दस्तयाब की गयी 64 मोबाइल आज पुलिस अधीक्षक द्वारा आवेदको को गुम मोबाइल वापस लौटाये गये, खोये हुये मोबाइल प्राप्त होने पर आवेदको के चेहरे पर खुशी का भाव था, आवेदको द्वारा मण्डला पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**आयोजन** | **सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय की स्थापना के हुये 50 वर्ष पूर्ण**

# स्वर्ण जयंती वर्ष पर शानदार आयोजन





*** पूर्व छात्र-छात्राओं की रही उपस्थिति।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

50 वर्षो का सफर किसी भी संस्था के लिये एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है और यदि वह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हो तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का यह सफर संस्कृति के साथ-साथ शिक्षा के आयाम भी तय करता रहा है और स्वर्ण जयंती समारोह में भी आयोजित इस कार्यक्रम में यही परिपाटी नजर भी आई। कल आयोजित हुये सांस्कृतिक कार्यक्रम जहां तकनीक की दृष्टि से उन्नत थे तो वहीं हमारी भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत भी रहे।

जिन गीतों को कार्यक्रम में शामिल किया गया वे संस्कृति और समाज को दृष्टिगत रखते हुये चुने गये प्रस्तुति के दौरान जिन परिधानों का उपयोग किया गया वे भी शालीन थे और पुरातन संस्कृति का परिचय देने वाले थे नृत्यों का चयन भी महत्वपूर्ण रहा जिन आचार्यो ने इन नृत्यों को कोरियोग्राफ किया वे भी धन्यवाद के पात्र हैं। कार्यक्रम ऐसा था कि सब कुछ भूलकर लोग बच्चों की प्रस्तुतियों को निहारते रहे। समझा जा सकता है कि 10-10, 15-15 मिनिट के इन प्रस्तुतियों के लिये कितनी मेहनत की गई होगी।

सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का इतिहास भी रहा है कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इनकी एक अलग छवि रहती है वो चाहे फिर वार्षिक आयोजन हो या फिर जनमाष्टमी के दौरान झांकियों का निर्माण। इन सभी आयोजनों में जो सोच और जिन दृश्यों को प्रस्तुत किया जाता है वे आम लोगों के लिये कल्पना से परे होते हैं। पौराणिक महत्व के ऐसे दृश्यों का सजीव चित्रण मंच पर करना आसान नहीं होता और वह भी सीमित संसाधनों के माध्यम से लेकिन इस तरह के कार्यो में यहां के आचार्य निपुण हैं। वर्षो-बरस से यह परम्परा लगातार चली आ रही है और यहां के आचार्यगण उसे बढ़ाते ही रहे हैं।

कल शाम बच्चों ने समुद्र मंथन की एक प्रस्तुति दी जिसमें पर्वत को समाहित किया गया वासुकी नाग भी मंच पर मौजूद रहे और उसके बाद देवताओं एवं दानवों की उपस्थिति में समुद्र मंथन से जिस तरह रत्न निकलते गये उनहें बखूबी प्रस्तुत किया गया। यह सब मंच पर सजीव प्रस्तुत करना आसान नहीं होता बच्चों का अनुभव भी मन को हरने वाला था जिस तरह अपनी-अपनी भूमिका सभी खोये हुये रहे वह निःसंदेह अथक मेहनत और निरंतर प्रयास का परिणाम है। आज महामहिम राज्यपाल कार्यक्रम में मौजूद होंगे जो इनका उत्साहवर्धन करेंगे।

## महिष्मति और मेकल जे.बी.एल. ने किया अगले राउंड में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित 51वे प्रिंस कप 20-20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज का पहला मैच फाइन स्पोर्ट्स क्लब और महिष्मति के बीच खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए फाइन स्पोर्ट्स क्लब ने निर्धारित 20 ओवरो में 5 विकेट खोकर 133 रन बनाये जिसमे फाइन स्पोर्ट्स क्लब की ओर से बल्लेबाजी में अखिल ने सर्वाधिक 37 रन ऋषि रघुवंशी ने 34 रन नितांत ठाकुर ने 18 रन मोहित ने 15 रन ईशान ने 12 रन और नूर खान ने नाबाद 11 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया। महिष्मति की ओर से गेंदबाजी में अमूल कृष्णा और सनी नंदा ने 1-1 सफलता अर्जित की। 134 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महिष्मति की शुरुआत काफी अच्छी रही और अच्छी बल्लेबाजी के चलते महिष्मति ने इस मैच को 13 ओवरो में ही आसानी से जीतकर क्वार्टर फाइनल राउंड में प्रवेश किया। फाइन स्पोर्ट्स क्लब की ओर से गेंदबाजी में अमन संजीत ललित और शेख अनस ने 1-1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार महिष्मति ने इस मैच को 5 विकेटों से जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इस मुकाबले के निर्णायक नंदकिशोर ठाकुर और पारस रहे एवं स्कोरर सत्यम बर्मन रहे। बुधवार दूसरा मुकाबला जे.बी.एल. मण्डला और माँ शीतला स्पोर्ट्स क्लब के बीच खेला गया। जिसमे जे.बी.एल. मण्डला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैशला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जे.बी.एल. मण्डला ने निर्धारित 20-20 ओवरो के इस मुकाबले में अपने सभी विकेट खोकर 111 रन बनाये और लक्ष्य के लिए 112 रनो की चुनौती रखी। जे.बी.एल. मण्डला की ओर से बल्लेबाजी में अबरार खान ने 18 रन बंटी भांगरे ने 15 रन समीर बाजपई ने 12 रन अजय नीखर और सौरभ बर्मन ने 11-11 रनो की पारी खेली। माँ शीतला स्पोर्ट्स क्लब की ओर से गेंदबाजी में शिवम ने 4 विकेट फैज़ान खान ने 3 विकेट अनुराग केवट ने 2 विकेट एवं प्रदीप बरमैया ने 1 सफलता अर्जित की। 112 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी माँ शीतला स्पोर्ट्स क्लब की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पूरी टीम लड़खड़ा के मात्र 88 रनो में ढेर हो गई। माँ स्पोर्ट्स क्लब की ओर से बल्लेबाजी में सोनू पांडेय ने 17 रन और शिवम ने 12 रन प्रदीप बरमैया और विकास चंद्रौल ने 11-11 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया। जे.बी.एल. मण्डला की ओर से गेंदबाजी में बंटी भांगरे ने 4 विकेट किरण पटेल और मयंक अग्रवाल ने 2-2 विकेट एवं शेख आरिफ ने 1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार इस मैच को जे.बी.एल. मण्डला ने 23 रनो से जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इस मैच के निर्णायक निशांत झा और संस्कार नमन दुबे रहे।

## खबर संक्षेप

### कौडिया में स्टेट बैंक शाखा खोलने की गुहार

**गाडरवारा।** वर्तमान में क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों में बैंकिग सेवा उपलब्ध है किन्तु इस क्षेत्र में कोई बड़ी बैक नही होने के कारण लोगों को अपने कार्य लिए गाडरवारा पहुंचना पड़ता है, इस स्थिति में चलते क्षेत्र के लोगों द्वारा ग्राम कौड़िया में स्टैट बैक शाखा खोलने की मांग उठाई जा रही है, क्योंकि इस क्षेत्र में स्टेट बैंक की शाखा न होने की स्थिति में ग्रामवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञातव्य है कि ग्राम ग्राम कौड़िया से चिर्रिया, महगंवा, सडूमर, लिलवानी, सूकरी, गुनवे, कोठिया, भैसा, पलोहा, बोहानी, नयागांव, रहली, देगुवा, तिगुवा, बरहटा, घाट पिपरिया, बरेली, केकरा, कजरौटा आदि गॉव जुड़े हुए है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में स्टेट बैंक शाखा न होने से स्कूली छात्र छात्राओं, किसानों को बैंक सम्बंधी कार्य कराने शहर जाना पड़ता है। ग्रामवासियों ने स्टेट बैंक के उच्चधिकारियों से गुहार लगायी है कि वे ग्राम कौड़िया में स्टेट बैंक की शाखा प्रारम्भ करने की दिशा में सक्रिय पहल करें।

### कोठिया पंचायत में लाखों खर्च होने के बाद भी देखा जा रहा नालियों का आभाव

**कौंड़िया।** सरकार द्वारा लगातार विकास की गंगा बहाई जा रही है, मगर इसके बाद भी ग्रामीणों को जिस प्रकार से परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है उसके चलते सरकार की विकासवादी सोच पर ग्रहण लगने में कोई कसर बाकी नही रही है, इस बात की सच्चाई जनप पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कोठिया में आसानी से देखी जा रही है, जहां पर लाखों रूपया की हर वर्ष राशि खर्च होने के बाद भी लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है, वही दूसरी ओर ग्राम मे अंदर नालियों का निर्माण नही होने के कारण लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर बहने से सरकार के स्वच्छता अभियान को भी ग्रहण लगने से नही चूक रहा है, इस सच्चाई के चलते जहां पंचायत की उदासीन कार्य प्रणाली उजागर होते हुए देखी जा रही है, वही दूसरी ओर ग्राम विकास के नाम पर पंचायत द्वारा खर्च की जाने वाली राशि की सच्चाई भी संदेह के घेरे में आने से नही बच पा रही है।

### नव निर्मित सड़कों पर निकल रही गिट्टी बता रही गुणवत्ता की सच्चाई

**सांईखेड़ा।** क्षेत्रवासियों का दुर्भाग्य है कि सड़को के मामले में अभी भी आसपास के गांवो की स्थिति मे सुधार नही आया है, क्षेत्र के जिन गॉवों मे सरकार की मेहरबानी से सीमेंट की सड़के बनी थी, उनके बारे में ग्रामीणों की शिकायत है कि निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सियों द्वारा सामग्री लगाने में कथित तौर पर ठेकेदारो द्वारा की गयी कंजूसी की वजह से अपने सड़को पर गिट्टियो के दर्शन होने लगे है तथा चंद दिनों पूर्व बनाई गई सड़कों पर दरारे उभर आने से सड़क अपनी गुणवत्ता की कहानी स्वयं ही बता रही है? जिससे वाहनों का परि चालन तो दूर गॉवो के रहवासियो का पैदल चलना तक मुश्किल हो रहा है और वे पहले की तरह पगडंडियों पर चलने मजबूर है। उधर क्षेत्र के कई गॉव ऐसे भी है जहॉ सी.सी. रोडो का निर्माण ठेकेदारों द्वारा मंथर गति से किया जा रहा है, जिसका नतीजा है कि निर्माणाधीन सड़कों पर इस समय कीचड़ का साम्राज्य होने से ग्रामीण परेशान हो रहे है, ऐसे में किसानों का मानना है कि फिलहाल सड़कों के निर्माण का विपरित समय चल रहा है किन्तु जिस धीमी गति से ग्रामों मे सड़कें बन रही है।

**सच्चाई छिपाने के लिये थेगरा लगाने की हुई शुरूआत**

# लगभग एक साल पहले बनी हुई भौरझिर से घघरौला डामर सड़क पर दिखाई देने लगे गड्ढे गड्ढे

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा गांव गांव पक्की सड़को कि निर्माण को लेकर हर वर्ष इस सोच के चलते करोड़ो रूपया खर्च किया जाता है कि गांव गांव पक्की सड़को का निर्माण होने से जहां ग्रामीणों को आने जाने में सुविधा होगी तो दूसरी ओर ग्रामीण बेरोजगार युवा शहर से जुडने के कारण रोजगार स्थापित कर लेगे। मगर इस सोच को निश्चित तौर से सरकारी धन की होली खेलने वाले अधिकारियों से लेकर निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा किस तरह ग्रहण लगाया जाता है कि लाखों रूपया की लागत से बनाई जाने वाली यह सड़क जहां चंद दिनों की मेहमान साबित होने से नही चूक पाती है। वही दूसरी ओर गांवों में जिस तरह गुणवत्ता को दर किनार करते हुये सड़को का निर्माण कार्य किया जाता है उसे जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आंखे बंद करते हुये पास किये जाने का परिणाम है कि सड़क निर्माण के नाम पर शासन की राशि की खुलेआम होली खेलते हुये दिखाई देने से नही चूक पाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम भौरझिर से ग्राम घघरौला पटना तक बनी हुई डामरीकृत सड़क को देखते हुये जान पड़ रह है..? बताया जाता है कि इस सड़क का निर्माण कार्य कुछ वर्ष पहले हुआ था। मगर अपने निर्माण के चंद दिनों के उपरांत सड़क टूट जाने की सच्चाई को बीते हुये दो वर्ष पहले हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उजागर किये जाने के बाद इस सड़क के मजबूती करण के नाम पर राशि स्वीकृत होने के बाद पुनः इस सड़क का निर्माण बीते हुये वर्ष यानि की लगभग साल पहले ही हुआ है। खैर मौके पर लगा हुआ वोर्ड इस सड़क निर्माण की सच्चाई को लेकर कुछ और ही बता रहा है? मगर ग्रामीणों ने चर्चा करते हुये बताया है कि लगभग एक साल पहले ग्राम भौरझिर से घघरौला तक डमरीकृत सड़क का निर्माण किया गया है। इस तरह इस सड़क के निर्माण को अभी लगभग एक साल का समय ही बीत पाया होग और जिस प्रकार से इस



सड़क में जहां तहां गड्ढे निकलना शुरू हो गया है वह गड्ढे सड़क निर्माण की गुणवत्ता को उजागर करने से नही चूक रहे है..? वही दूसरी ओर इस समय देखा जा रहा है कि मात्र अपना पहला जन्म दिन बनाने वाली इस सड़क पर निकल रहे गड्ढो की सच्चाई को छिपाने के लिये सड़क पर थेगरा लगाना जरूर शुरू कर दिया गया है। अब देखना है कि यह थिगराऊ सड़क क्षेत्रवासियों का कितने दिनों तक साथ देने में सफल हो पाती है..? क्षेत्र के लोगों द्वारा इस सड़क निर्माण की सच्चाई को लेकर जांच की मांग उठाई जा रही है और क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण की यदि निष्ठा से जांच हुई तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी..? इस तरह सड़क निर्माण के दौरान निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जिस तरह गुणवत्ता को दर किनार करते हुये जिस तरह इस सड़क का निर्माण कार्य किया गया है उसका परिणाम है कि सड़क चंद दिनों में ही उखड़ना शुरू हो गया है। मगर इस हैरत की बात है कि इस सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी उनकी कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुये सरकार द्वारा जिस तरह ग्रामीणों को पक्की सड़को की सौगात प्रदान करने का जो सपना संजोया गया है उसे ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है? इस तरह अपने निर्माण के चंद माह उपरांत टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क की निष्ठावान अध्किारियों द्वारा पूर्ण निष्ठा के साथ जांच की जावे तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब छोटे से लेकर बड़े अधिकारी इस तरह होने वाले गफलतबाजी की गंगा में सोंझाआई का गोता लगा रहे होगे तो फिर ईमानदारी से जांच की उम्मीद कैसी की जा सकती है? यह बात अलग है कि किसी भी सरकारी कार्य को पूरा निजी कंपनी द्वारा ठेके पर लेकर किया जाता है और निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की सोच रहती है कि जिस निर्माण कार्य का उसने ठेका लिया गया है उसमें उसे अधिक से अधिक लाभ होना चाहिये। मगर इस सब पर निगरानी रखने के लिये प्रशासनिक अधिकारी होते है उन्हीं की देखरेख में सरकारी निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाते है। नियम के अनुसार किसी भी शासकीय निर्माण कार्य को जब तक संबंधित विभाग का जिम्मेदार अधिकारी अपनी ओर से निर्माण संबंधी संतुष्टि प्रमाण पत्र नही देता है तब तक उस निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को भुगतान नही होता है। मगर गफलतबाजी की गंगा में जब संबंधित विभाग के अधिकारी निर्माण कार्य करने वाली कंपनी के साथ मिलकर गोता लगा रहे होते है तो फिर किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता की उम्मीद करना कहा तक सफल हो सकता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम भौरझिर से घघरौला पटना के बीच लगभग एक साल पहले बनी हुई डामरीकृत सड़क की सच्चाई को देखते हुये जान पड़ रहा है? इस तरह अपने निर्माण के चंद महिनों उपरांत टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा जिला कलेक्टर से निष्ठा के साथ जांच कराये जाने की मांग उठाई जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि निर्माण के चंद माह बाद टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क की जांच होती है तो निश्चित तौर से अनेक जिम्मेदार अधिकारी बेनकाब होने से नही बच पायेगे।

## ईको पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित होगा क्षेत्र का छोटा जबलपुर, एनटीपीसी ने पर्यटन केन्द्र के विकास के लिये 80 लाख किये स्वीकृत

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** वैसे तो देखा जावे शहर की पहचान रजनशी ओशों ने देश के कोने कोन तक फैलाने में कोई कसर नही छोडी गई। मगर इसके बाद भी गाडरवारा क्षेत्र में अनेक इस तरह के स्थान है जो गाडरवारा को अलग पहचान देने में पीछे नही है। इसी प्रकार से क्षेत्र के गोटीटोरिया क्षेत्र में स्थित चौगान किला सहित अन्य प्रकार के इन स्थानों के माध्यम से गाडरवार की प्रसिद्दि दूर दूर फैली हुई है। बताया जाता है कि गाडरवारा तहसील मुख्यालय से महज 10 किमी की दूरी पर स्थित वनांचल ग्राम मोहपानी गोटिटोरिया के नजदीक स्थित छोटा जबलपुर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिये विख्यात है। बचपन में किताबों में पढ़ा था, सतपुड़ा के घने जंगल उंघते अनमने जंगल........ सतपुड़ा के जंगलों के बीच में स्थित यह पर्यटक स्थल बेहद मनोहारी है और यहां पर पर्यटक अपने परिवार के साथ पहुंचकर सुंदर चट्टानों, लहलहाते वृक्षों एवं झर-झर करते झरनों का आनंद उठाने पहुंचते हैं। काफी समय से छोटा जबलपुर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग चली आ रही थी, जो अब पूरी होते हुये जान पड़ रही है और यहां पर अब पर्यटकों की सुविधाओं के लिये मनोरंजन के साधन सहित विकास के कार्य प्रारंभ हो गये हैं। वनविभाग अधिकारियों एवं ग्राम वन समिति मल्फी की निगरानी में ईको पर्यटन केन्द्र छोटा जबलपुर नाम दिया गया है। यहां पर पर्यटकों के मनोरंजन एवं सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी और यह कार्य सतत रूप से जारी है। बताया जाता है कि ईको पर्यटन केन्द्र के लिये एनटीपीसी ने दिये 80 लाख दिये गये है..? लहलहाते घने वृक्षों के बीच स्थित छोटा जबलपुर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिये गाडरवारा सुपर थर्मल पॉवर प्लांट एनटीपीसी द्वारा 80 लाख की राशि प्रदान किये जाने की चर्चा सुनी जा रही है? वही बताया जाता है कि यह राशि से वनग्राम समिति मल्फी को प्रदान की गई है। इस राशि से वनविभाग एवं समिति द्वारा यहां पर आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं, उनके मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराने एवं अधिक सुंदर बनाने के लिये उपयोग की जाएगी। नये रूप में तैयार हो रही छोटा जबलपुर में आगामी 31 दिसम्बर एवं 1 जनवरी को यहां पर लोग अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने के लिये पहुंचते हैं, इस बार काफी सुविधाएं एवं वनविभाग के अधिकारियों की निगरानी रहेगी। यहां पर प्रवेश के लिये भी अब शुल्क रखा गया हैं तो इसके साथ ही प्रवेष के पूर्व पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है। जानकारी के अनुसार प्रस्तावित ईको पर्यटन केन्द्र छोटा जबलपुर में साहसिक गतिविधियां मनोरंजन के साधन सशुल्क उपलब्ध कराये जाएंगे। जिसमें जिप लाईन, पोल वॉक, बर्मा ब्रिज, टॉयर वॉक आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारियां चल रही हैं। ईको पूर्यटन केन्द्र छोटा जबलपुर में प्रवेश का समय सुबह 9 बजे से सायं 5.30 निर्धारित होना बताया जाता है।

## आपके स्नेह व आर्शीवाद का मान रखते हुये निष्ठा के साथ सेवा कर गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र का मान पूरे प्रदेश में ऊंचा करूगा : उदय प्रताप सिंह

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** प्रदेश की राजनीति में गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र की पहचान को ऊंचा स्थान प्रदान करने वाले क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक तथा हाल में भी मध्य प्रदेश सरकार का गठन होने के दौरान केविनेट मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने के बाद क्षेत्र के विधायक राव उदय प्रताप सिंह का पहली बार दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा आगमन हुआ तो उन्होंने सबसे पहले दादा धूनीवालों के मंदिर पहुंचकर पूजन करते हुये आर्शीवाद ग्रहण किया गया। वही दूसरी ओ नगर में केबिनेट मंत्री के प्रथम आगमन के मौके पर नपा अध्यक्ष श्रीमति स्वाति के प्रतिनिधि सचिन अग्रवाल द्वारा स्वागत किया गया। इस तरह नगर में केबिनेट मंत्री के आगवन पर भाजपा युवा मोर्चा सहित नगर के समाजसेवियों द्वारा भी उनका स्वागत किया गया। इस दौरान केबिनेट मंत्री द्वारा दादा धूनीवालों की नगरी सांईखेड़ा के लोगों द्वारा मतदान के रूप में दिये गये स्नेह पर आभार सभा को संबोधित करते हुये कहा कि मुझे दादा धनी वालों व माँ नर्मदा ने तो अपना आर्शीवाद प्रदान किया गया है। मगर जिस तरह मेरे अपने मतदाताओं द्वारा एक एक वोट के रूप में मुझे जिस तरह अपना आर्शीवाद प्रदान किया गया है कि मै उसे कभी भुला नही पाऊगा। मगर इस दादा धूनी नगरी के लोगों के साथ साथ संपूर्ण



गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के लोगों का ऋणि हो चुका हूं..। मुझे इस तरह की कल्पना भी नही थी कि गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र की जनत मुझे इतना स्नेह करते है और उनके स्नेह की सच्चाई तीन दिसम्बर को उजागर हुई जब जिला मुख्यालय पर चुनावो के परिणाम समाने आये तो मेने सोच लिया कि अब इस क्षेत्र के लोगों के इस ऋण में जिन्दगी भर नही चूका पाऊगा। आप लोगों द्वारा मुझे दिये गये इस स्नेह व आर्शीवाद का मान रखते हुये निष्ठा के साथ सेवा कर गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र का मान पूरे प्रदेश में ऊंचा करने में कोई कसर नही छोड़ूगा। इस दौरान नव नियुक्त केबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा आभार सभा को संबोधित करते हुये कहा कि आप लोगों के लिये मेरे कार्यालय व घर के दरबाजे 24 घंटे खुले रहेगे और आप लोगों मुझ तक अपनी परेशानी पहुंचायेगे तो उसे हल करने में देर नही करूगा। इस दौरान राव उदय प्रताप सिंह द्वारा सांईखेड़ा विकास के लिये 2 करोड़ रूपया की राशि देने की घोषणा भी की गई। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन अग्रवाल द्वारा नव नियुक्त केबिनेट मंत्री को एक मांग पत्र इसौपा गया जिसमें उल्लेख किया गया है कि नगर सांईखेडा के आसपास के गांव व शहर से जो श्रद्दालु व संत महात्माओं का हमारी नगरी में आना जाना लगा रहता है जिसके चलते इस नगर को दादा लोक के नाम से नामाकरण करते हुये तीर्थ क्षेत्र घोषित कराया जावे तथा हमारे नगर क बाजार मेन रोड पर लगता है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है बाजार की सुरक्षित व्यवस्था बनबाने पहल तथा एसडीएफ फंड के माध्यम से दूधी नदी के तटों को कटाव से बचाने के लिये रिटर्निग बाल के राशि प्रदान कराने के आलवा नगर में नगर में बडे स्तर का सरकारी शादी घर तथा नगर में बनी हुई उपज मंडी का लोकार्ण होने के बाद भी आज तक चालू नही हो पाई है और नगर व क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज विक्रय करने के लिये दूसरे शहर गाडरवारा या फिर उदयपुरा सहित अन्य जगहों पर जाना पड़ता है जिससे उन्हें आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है। इसलिये बंद पड़ी हुई कृषि मंडी को विधिवत चालू कराये जाने की मांग रखी गई।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को हुआ ग्राम खमरिया व बेलखेड़ी आगमन, पूर्व विधायक कक्काजी सहित जनपद अध्यक्ष मौजूदगी में ली शपथ

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कलशुक्रवार को जनपदद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम खमरिया, बेलखेड़ी में पहुंचने पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम क्षेत्र के पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल कक्काजी तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष छत्रपाल सिंह राजपूत के आला जनपद सदस्य बसंत तिवारी, शुभम कौरव, तिलक सिंह राजपूत, जित्तू कौरव, बडे भैया कौरव, संतोष ग्वारिया की उपस्थिति में संपन्न हुये। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों के आलवा ग्रामीण जनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, शालाओं के छात्र-छात्राओं आदि ने सहभागिता की गई। वही कार्यक्रम में स्वागत, प्रधान मंत्री का रिकार्डेड संदेश, विकसित भारत संकल्प,



वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑनस्पाट क्विज, पुरुस्कार वितरण आदि के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर शत-प्रतिशत पूर्ण योजनाओं का उत्सव मनाने के साथ पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल व जनपद अध्यक्ष छत्रपाल सिंह राजपूत की मौजूदगी में ग्रामवासियों को देश की अखंड़ता की शपथ दिलाई गई। वही कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक, राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रचार रथों का कलश यात्रा और पारंपरिक रूप से पूजा आदि कर स्वागत किया गया। साथ ही कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## खुले में मांस, मछली विक्रय करने वालों पर हुई कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** खुले में तथा बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए पशु मांस तथा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध के संबंध में मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 268 एवं 269 के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) के बिना पशु मांस तथा मछली के विक्रय नहीं किये जाने का प्रावधान है। बताया जाता है कि मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 268 एवं 269 के प्रावधानों के तहत जिला कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने समस्त नगरीय निकाय को बिना अनुमति के अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए खुले में पशु मांस तथा मछली विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है। ऐसे व्यक्ति जो अवैध अथवा नियम विरूद्ध बिना अनुमति पत्र के या लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए पशु मांस अथवा मछली का विक्रय कर रहे हैं, उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए दलों का गठन किया गया है। वही कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के नगरीय निकायों में दलों द्वारा खुले में तथा बिना अनुमति पत्र के पशु/ मांस तथा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध की कार्यवाही की गई। नगर पालिका परिषद गाडरवारा द्वारा मांस विक्रय करने वाले 19 व्यक्तियों को पुर्नव्यवस्थापित और मांस विक्रय करने वाली 105 दुकानों पर पर्दे लगाये गये। इसी प्रकार से नगर परिषद चीचली द्वारा मांस विक्रय करने वाले 14 व्यक्तियों को पुर्नव्यवस्थापित और मांस विक्रय करने वाली 18 दुकानों पर पर्दे लगाये गये तथा नगर परिषद सांईखेड़ा द्वारा मांस विक्रय करने वाले 15 व्यक्तियों को लायसेंस जारी करने के साथ 5 व्यक्तियों को पुर्नव्यवस्थापित किया और 25 दुकानों पर पर्दे लगाये गये। वही नगर परिषद सालीचौका द्वारा मांस विक्रय करने वाले 4 व्यक्तियों को लायसेंस जारी करते हये 5 व्यक्तियों को पुर्नव्यवस्थापित कर और 20 दुकानों पर पर्दे लगाये गये। बताया जाता है कि नगरीय निकायों में गठित दलों द्वारा 15 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक खुले में तथा बिना अनुमति पत्र के पशु/ मांस तथा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध की कार्यवाही के दौरान संपूर्ण जिले में कुल 112 दुकानों पर 7500 रुपये तक का अर्थदंड लगाया गया है। जिसमें नगर पालिका गाडरवारा द्वारा 45 दुकानों पर 1200 रुपये, नगर परिषद चीचली द्वारा 14 दुकानों पर 800 रुपये तो नगर परिषद सांईखेड़ा द्वारा 20 दुकानों पर 400 रुपये और सालीचौका द्वारा 600 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## गांवों के स्कूलों में भी अब बच्चे ले रहे कम्प्यूटर का ज्ञान

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** एक समय वह था जब गांवों के लोग कम्प्यूटर के दर्शन करने के लिये ललायित होते हुये देखे जाते थें। मगर बदलते हुये परिदृश्य व विकसित होते चले जा रहे हमारे देश का परिणाम है कि गांवों के स्कूलों में बच्चे कम्प्यूटर का ज्ञान लेते हुये देखे जाने लगे है। इस बात की सच्चाई समीपस्थ ग्राम आमगांव छोटा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देखने मिल रही है जहां पर शासन द्वारा स्थापित आईसीटी लैब क्रियाशील होने के बाद छात्र छात्राओं के लिए कम्प्यूटर सीखने का सशक्त माध्यम बन गई है। बताया जाता है कि स्कूल में लैब बनने से विद्यार्थियों को इस नवाचारी योजना का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। क्योंकि हमारे देश से लेकर प्रदेश सरकार की सोच है कि कंप्यूटर वर्तमान समय की सबसे महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है और खास बात बन चुकी है। इसी के चलते शासन की इस योजना का लाभ विद्यार्थियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के मिल रहा है। संस्था में अध्ययनरत कक्षा बारहवीं की छात्रा कु. रानू प्रजापति ने बताया कि हम ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को इस प्रकार की सुविधा मिलने से निश्चित ही हमारा तकनीकी ज्ञान बढ़ेगा जो आज के समय की प्रमुख माँग है। इसी प्रकार से कक्षा ग्यारवीं में अध्ययनरत एक अन्य छात्र सूरज नौरिया के अनुसार आज के आधुनिक समय में हम कंप्यूटर पर नेट के माध्यम से किसी भी विषय पर बहुत सारा ज्ञान एक क्लिक में अर्जित कर सकते हैं। वही दूसरी ओर इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मोहन मुरारी दुबे ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत कंप्यूटर सीखने को लेकर विद्यार्थियों में अत्यधिक उत्साह है और हम लोग विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी को कंप्यूटर सीखने का अवसर प्रदान कर रहे है।

## कृत्रिम उपकरण पाकर खुश हुए दिव्यांग बच्चें, चेहरों में देखने मिली अनूठी मुस्कान

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** जनपद पंचायत चीचली के जनपद शिक्षा केंद्र में कक्षा पहली से कक्ष आठवीं तक उनकी कक्षाओ के चिन्हित किये गये दिव्यांग छात्र-छात्राओं हेतु कृत्रिम उपकरण वितरण शिविर का आयोजन राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन एवं एलमिको टीम जबलपुर के सहयोग से किया गया। बताया जाता है कि इस शिविर में जनपद पंचायत चीचली के पूर्व अध्यक्ष मुकेश मरैया मुख्य अतिथि व के एल साहू, संतोष चौरसिया विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। शिविर के उदघाटन कार्यक्रम में मुकेश मरैया ने अपने उदबोधन में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के जीवन यापन में मिलने वाले इन विशेष उपकरणों के उपयोग एवं सतत रूप से इन उपकरणों की



देखरेख संबंधी बात कहते हुये उनके द्वारा दिव्यांग छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को भी इन बच्चों की विशेष देख रेख एवं संवेदनात्मक पूर्ण व्यवहार की अपील की गई। वही इस शिविर में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डीके पटेल द्वारा शिविर की संपूर्ण रूपरेखा से अतिथियों एवं उपस्थित आगंतुक अभिभावकों को अवगत कराया गया। वही शिविर में एल्मिको जबलपुर की डॉक्टर की विशिष्ट टीम डॉ दीपक गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, मदन सिंह द्वारा उपकरण वितरण एवं उपकरण के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बताया जाता है कि आयोजित किये गये इस शिविर में 40 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को 58 विभिन्न उपकरण जिनमें 3 ट्राई साइकिल, 6 व्हील चेयर, 10 बैसाखी, 7 ब्रैलकिट, 20 श्रवण यंत्र तथा 12 एंकल फुट ऑर्थोस का वितरण किया गया। वही आयोजित इस शिविर के संचालन हेतु अरुण दुबे बीएसी को प्रभारी तथा सत्यम ताम्रकार, अजय नामदेव एवं मुकेश पगारे को सह प्रभारी नियुक्त किया गया था। शिविर के सफल संचालन में शिक्षक श्रवण ठाकुर, सत्यम ताम्रकार, दिनेश चौरसिया, हेमंत पटेल, गिरीश ताम्रकार, अभिषेक पाराशर, कैलाश कहार की मौजूदगी में जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

**खबर संक्षेप**



## डिंडोरी कलेक्टर ने शहपुरा अस्पताल का किया निरीक्षण प्रसूता महिला को दिया मोबाइल नंबर

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी कलेक्टर विकास मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुरा का औचक निरीक्षण किया और प्रसूता वार्ड का निरीक्षण करते हुए प्रसूता महिला को मोबाइल नंबर दिया। आपको बता दें कि शुक्रवार सुबह कलेक्टर विकास मिश्रा सामुदायिक स्वास्थ्य पर पहुंचे जहां प्रसूता वार्ड पहुंचकर प्रसूता महिलाओं से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और एक महिला समस्या बताई जिसके चलते को कलेक्टर ने अपना मोबाइल नंबर दिया।

## धान उपार्जन केंद्र मेंहदवानी का तहसीलदार ने किया औचक निरीक्षण व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी जिले के धान उपार्जन केंद्र मेंहदवानी का तहसीलदार सुकमन कुलेश औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। दरअसल मेंहदवानी तहसीलदार सुकमन कुलेश धान उपार्जन केंद्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों से मुलाकात करते हुए समस्याएं सुनी धान उपार्जन केंद्र के खरीदार को व्यवस्था सुधार के आवश्यक निर्देश दिए ।

## ब्लाक कांग्रेस कमेटी मेंहदवानी में कांग्रेस स्थापना दिवस मनाया गया



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी मेंहदवानी में गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस मनाया गया। बैठक में सभी मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य, महिला कांग्रेस के सदस्य, कांग्रेस समर्थित सरपंच, जनपद सदस्य एवं समस्त प्रकोष्ठों के अध्यक्ष सहित वरिष्ठ कांग्रेसी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दुर्गा साहू के द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर सूत की माला अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने का एवं आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जिताने का संकल्प लिया गया और चुनाव अभियान को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दुर्गा साहू,मंडलम अध्यक्ष संतोष साहू, युवक कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत दास,अधीन दास, शिवकुमार, मायादास,गनपत साहू, नरोत्तम साहू,द्रुपत साहू,परशु सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## पी.एस.सी. परीक्षा 2019 में राजारमन मार्को हुए चयनित



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** राजारमन मार्को पिता भगत सिंह मार्को ( रिटायर्ड उच्च श्रेणी शिक्षक) बजाग ग्राम पडरिया डोंगरी, तहसील बजाग ने पी.एस.सी. 2019 की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने माता-पिता तथा गांव का नाम किया रौषन।

### जनपद पंचायत समनापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत करेगांव का मामला

# मानकों को दरकिनार कर किया जा रहा चैकडेम निर्माण कार्य





**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** डिंडौरी जिले में निर्माण कार्यों में लगातार भ्रष्टाचार करने के मामले सामने आ रहे हैं। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के बजाय अफसर और नेता चुप्पी साधे हैं। एक तरफ सरकार के द्वारा छोटे-छोटे नालों में चैकडेम निर्माण कराकर स्थानीय किसानों के खेतों में सिंचाई समेत दैनिक निस्तार के लिए साधन बनाने के लिये लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। दूसरी ओर सरपंच-सचिव और उपयंत्री की मिलीभगत से गुणवत्ताविहीन निर्माण कर लाखों रुपए का बंदरबाट कर सरकार को चूना लगाया जा रहा है। दरअसल जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम पंचायत करेगांव के पोषक ग्राम सिंघनपुरी के डूमर नाला में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत लाखों रू की लागत से चैकडेम निर्माण कराया जा रहा है, जहां पर सरपंच हीरा सिंह धुर्वे और सचिव प्रहलाद सिंह ठाकुर के द्वारा पत्थर डालकर कराया जा रहा है।

चैकडेम की बेस में गिट्टी की जगह डाल रहे पत्थर प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंघनपुरी के डूमर नाला में चेकडैम का निर्माण कराने के लिये 3 महीने पहले शुरू किया गया था। जिसमें चैकडेम की नींव में नीचे पत्थर डालकर ऊपर से सीमेंट और रेत से फर्स कर दिया गया हैं, जो बारिश में क्षतिग्रस्त हो गई है। बताया गया कि चैकडेम का निर्माण बारिश के कारण रोक दिया गया था, लेकिन अब शुरू होने वाली है।

### हाथ से तोड़े गए पत्थर का नहीं होता इस्तेमाल

इस चैकडेम का निर्माण कराने के लिए सरपंच-सचिव के द्वारा हाथ से तोडे गये पत्थर का उपयोग करने के लिये निर्माण स्थल में लाया गया है। जबकि चैकडेम की निर्माण कराने के लिये हाथ से तोड़े गये पत्थर का उपयोग नहीं किया जा सकता है। बताया गया कि चैकडेम निर्माण कार्य में 20 एमएम और 40 एमएम गिट्टी का उपयोग किया जाना है,लेकिन सरपंच, सचिव के द्वारा मनमानी पूर्वक पत्थर से निर्माण कराया जा रहा है।

### इनका कहना है

आपके माध्यम से जानकारी लगी है, मैं जल्द ही जांच कर आपको उपलब्ध कराता हूँ।

**-सी.पी. साकेत,सीईओ समनापुर**

## बस स्टैंड में यात्रियों के बैठने और पीने के पानी का नही इंतजाम

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शहपुरा मुख्यालय के बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए सुविधाएं नहीं हैं। यात्रियों के लिए स्टैंड पर न तो बैठने की अच्छी व्यवस्था है न ही साफ पीने का पानी उपलब्ध है। हालांकि नगर परिषद् बस स्टैंड में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने का दावा कर रही है। दूसरी ओर यात्री व दुकानदार बता रहे हैं कि आज तक बस स्टैंड मैं पीने के पानी सहित कई सुविधाओ का आभाव है । लाइटिंग की व्यवस्था भी खराब है। पानी का इंतजाम नहीं होने से यात्री बॉटल खरीदकर प्लास बुझा रहे हैं। यात्रियों की माने तो बस स्टैंड में अनेक अव्यवस्थाएं व्याप्त है। इससे यात्रियों के साथ ही बसों के चालक-परिचालक भी परेशान हैं। यहां मूलभूत सुविधाएं तक नहीं है जिसके अभाव में यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के बीच स्थित बस स्टैंड पर रोज करीब 100 से डेढ़ सौ बसें आती जाती हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। टॉयलेट में नियमित सफाई नहीं होने से दुर्गंध आती है। वहीं बस स्टैंड का सौंदर्यीकरण काफी समय से नहीं हुआ है।

शहपुरा बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए शुद्ध पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। पीने के पानी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यात्रियों को शुद्ध पानी पीने के लिए दुकान से पानी की बोतल खरीद कर पीना पड़ता है।

बस स्टैंड में नगर परिषद द्वारा सामुदायिक शौचालय तो बनाया गया है लेकिन उसकी नियमित रूप से सफाई नहीं कराई जाती है जिस कारण वहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ऐसे में कचरा व पेशाब की बदबू से यात्रियों को यह खासी परेशानी होती है यात्रियों को नाक पर रूमाल रखकर मजबूरन इनका उपयोग करना पड़ता है।

शहपुरा बस स्टैंड में यात्री सेट नहीं है परिवहन विभाग द्वारा वर्षों पूर्व यात्री सेट का निर्माण किया गया था लेकिन वहां कोई भी यात्री रुकना नहीं चाहता है क्योंकि यात्री प्रतीक्षालय में गंदगी व कचरे का अंबार लगा रहता है। यात्री सेट में यात्रियों के नहीं बैठने के कारण महादलित परिवार यहां बैठकर समय व्यतीत कर रहे हैं।

## शासकीय मॉडल स्कूल शहपुरा में पत्रकार भीमशंकर साहू ने छात्र-छात्राओं को दिए सूचना प्रौद्योगिकी और पत्रकारिता के गुण



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शहपुरा नगर के शासकीय मॉडल स्कूल में शुक्रवार को क्षेत्र के जाने-माने पत्रकार भीमशंकर साहू ने सूचना प्रौद्योगिकी के विषय में स्कूल के छात्र-छात्राओं को सूचना प्रौद्योगिकी के तहत कंप्यूटर संबंधी जानकारी एवं पत्रकारिता संबंधी जानकारी दी। आपको बता दें कि मॉडल स्कूल शहपुरा में भीमशंकर साहू गेस्ट लेक्चरर के रूप में व्याख्यान देने के लिए पहुंचे थे। जहां पर उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं को सूचना प्रौद्योगिकी के तहत कंप्यूटर के बारे में आउटपुट इनपुट डिवाइस, ईमेल, इंटरनेट सहित अन्य जानकारियां दी। साथ ही उन्होंने पत्रकारिता के संबंध में छात्र-छात्राओं को बताते हुए कहा कि हमें जो सूचना या जानकारी प्राप्त होती है वह पत्रकारिता के माध्यम से भी मिलती हैं। जिसमें प्रिंट मीडिया, डिजिटल मीडिया, एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बारे में उन्होंने छात्र-छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान शासकीय मॉडल स्कूल शाहपुरा के आईटी टीचर कुंवर सिंगरौरे सहित सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पीएम जनमन योजना की समीक्षा बैठक संपन्न





**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** गुरूवार को कलेक्टर सभाकक्ष में डॉ.ज्योति सिंघल चीफ मैनेजर (प्रोजेक्ट), कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से वन टू वन चर्चा की गई। और जिले में बैगा एवं भारिया जनजाति को आगे लाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की गई है। जिसमें पीवीजीटी समुदाय के प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को शौचालय सहित पक्का घर उपलब्ध कराना, समुदाय प्रत्येक पात्र परिवार के घर में स्वच्छ पेयजल जनजल के माध्यम से उपलब्ध कराना, 100 या अधिक पीवीजीटी समूह की जनसंख्या वाले टोले मजरे तक सडक निर्माण कार्य कराना, व्यक्तियों के घर तक बिजली की उपलब्धता कराना, स्कूल से संयोजित छात्रावास की उपलब्धता सुनिश्चित करना, नव युवकों को माई भारत स्वयं सेवकों के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा, कौशल साक्षरता उपलब्ध कराना, बहुउद्देशीय केन्द्र एवं चलित चिकित्सकीय वाहन के माध्यम से पीवीजीटी समुदाय के सभी व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना, आंगनवाडी केन्द्रों के माध्यम से बहुउद्देशीय केन्द्रों में पोषण उपलब्ध कराना, वन धन विकास केन्द्रों के माध्यम से आजीविका स्तर पर सुधार करना,यूएसओएफ के माध्यम से बसाहटों में दूरसंचार सुविधा का प्रसार करना, प्रत्येक सदस्य को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत फ्री राषन उपलब्ध कराना, प्रत्येक सदस्य को पीएम उज्जवला योजना के अंतर्गत फ्री एलपीजी कनेक्षन उपलब्ध कराना, प्रत्येक सदस्य को आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता सुनिष्चित करना, गर्भवती महिला को प्रधानमंत्री पोषण योजना से लाभान्वित करना, गर्भवती महिला को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत संस्थागत प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराना, बसाहटों में अभियान चलाकर सिकल सेल, एनीमिया,टीकाकरण,टीबी प्रभावित मरीजों का चिन्हांकन करते हुए उन्हें इलाज उपलब्ध कराना, स्कूली बच्चों को पीएम पोषण योजना अंतर्गत मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराना, प्रत्येक पात्र सदस्य को पीएम जनधन योजना से लाभान्वित करना एवं प्रत्येक बालिका (0 से 10 साल आयु समूह) को सुकन्या समृद्धि योजना से लाभान्वित करना। प्रधानमंत्री जनमन के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न विकास विभागों द्वारा पीवीजीटी समुदाय को लाभान्वित करने से संबंधित स्वास्थ्य शिविर, वन धन विकास केन्द्र से संबंधित, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

बैठक में समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। अपर कलेक्टर सरोधन सिंह,संयुक्त कलेक्टर सुनील शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर आर पी तिवारी, एस डी एम शहपुरा निशा नापित,सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत संचालित एवं प्रचार प्रसार हेतु बैगा विशेष पिछडी जनजातियों के बीच जाकर उनकी मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता को जानने हेतु दिनांक 28 दिसंबर 2023 को गोपालपुर बैगान टोला, पडरिया में डॉ.ज्योति सिंघल चीफ मैनेजर (प्रोजेक्ट), कलेक्टर श्री विकास मिश्रा गांव में चैपाल बनाकर लोगों से चर्चा कीं। जिसमें महा सिंह धुर्वे, चरकू सिंह धुर्वे ने बताया कि कांजी हाउस,आंगनवाडी केन्द्र, स्कूल, तेंदुपत्ता गोदाम, पुलिया मरम्मत, कृषि यंत्र, पेयजल आपूर्ति, राशन दुकान, आदि के संबंध में लिखित पत्र देकर मांग की गई। प्राथमिक शाला में अध्ययनरत छात्रा नयनवती और बालक राम धुर्वे से पूछने पर चर्चा में बताया कि मीनू के अनुसार विद्यालय में भोजन नहीं मिल रहा है इस संबंध में कलेक्टर ने स्कूल और संबंधित विभाग को मीनू के अनुसार भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने चैपाल में मौजूद छोटे बच्चों को गर्म कपडे वितरित किए और अंत में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि आपके द्वारा रखी मांगो को शीघ्रता से शीघ्र पूरे कार्य प्राथमिकता के साथ किए जाएंगे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा ईट राइट चैलेंज अंतर्गत भाषण, रंगोली प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** आज शुक्रवार को कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में चंद्र विजय महाविद्यालय जिला डिंडोरी में खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला डिंडोरी द्वारा ईट राइट चैलेंज अंतर्गत भाषण रंगोली एवं पोस्ट की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका सब्जेक्ट विषय संतुलित आहार, मिलेट्स एवं मिलावट से सावधान रखे गए थे। जहां भाषण प्रतियोगिता में बृजेश कुमार यादव प्रथम स्थान जागेश्वरी धुर्वे द्वितीय स्थान एवं प्रियंका पद्माकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में अंजू श्रीवास प्रथम स्थान एवं गंगा रजक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में अंशिका यादव ने प्रथम स्थान, गंगा रजक ने द्वितीय स्थान एवं पूजा परस्ते और अंजू श्रीवास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान कॉलेज के सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को खाद्य पदार्थो में किए जाने वाली मिलावट से अवगत कराया गया। घर में खाद्य पदार्थों की जांच करने के घरेलू उपाय बताए गए एवं मौके पर करके दिखाया गया प्रैक्टिकल करके दिखाया गया सभी छात्र छात्राओं को फोर्टीफाइड फूड संबंधी जानकारी दी गई। प्लास्टिक एवं अखबार के उपयोग से बचने हेतु एवं उससे होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराया गया साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट से संबंधित वीडियो चला कर दिखाए गए। जिसके अंतर्गत चीनी कम नमक कम तेल कम लेने की समझाइए दी गई,उसके फायदे बताए गए। इस कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के अधिकारी श्रीमती प्रभा सिंह ` काम ,श्रीमती संध्या मार्को, महाविद्यालय प्राचार्य श्री सुभाष बर्मन ,डॉक्टर पार्वती कुशराम, श्रीमती प्रगति साहू एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्पर्धा उड़ीसा में बेटी ने लिया भाग



**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन एवं डॉ संतोष शुक्ला सहायक आयुक्त जनजाति कार्य के मार्गदर्शन में शालेय खेल कैलेंडर 2023 -24 के अनुसार छः स्तर की स्पर्धा विद्यालय , विकास खंड, जिला ,संभाग , विभागीय राज्य एवं शालेय राज्य स्तर पर चयनित होते हुए राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयन किया गया। पी एस राजपूत जिला क्रीड़ा अधिकारी जनजाति ने जानकारी में बताया कि खिलाड़ी छात्रा ममता मसराम पिता वीरेंद्र सिंह विधालय सी एम राइज शहपुरा ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 67 वीं शालेय वॉलीबॉल 14 वर्ष की राष्ट्रीय स्पर्धा भुवनेश्वर (उड़ीसा) में, दिनांक 24 से 28 दिसंबर 2023 तक भाग लिया। वॉलीबॉल कोच अनिल लोधी के कुशल खेल तकनीकि प्रशिक्षण एवं बालिका की कड़ी मेहनत तथा खेल में दक्षता के कारण उपलब्धि प्राप्त हुई। विद्यालय एवं जिला का नाम गौरवान्वित करते हुए प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली खिलाड़ी बेटी की उपलब्धि पर डॉ संतोष शुक्ला सहायक आयुक्त जनजाति कार्य , प्राचार्य यशवंत साहू, डॉ दिनेश श्रीवास्तव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रभु दयाल पटेल, प्रशिक्षक अनिल लोधी , नवीन खरगाल,रमा साहू, जागेश्वर नंदा ,परवेज खान , संध्या बरकडे एवं विद्यालय स्टाफ खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ी छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप

### राइस मिलर को सीधे धान प्रदान करने में जिला प्रथम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 में जिले में 45 धान उपार्जन खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा धान उपार्जन का 2183 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। जिले में 29 दिसम्बर तक 4448 किसानों से 37781.60 मे. टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसका मूल्य 82.47 करोड़ रुपये है। अब तक 25256.80 मे. टन के स्वीकृति पत्रक जारी किये जा चुके हैं। प्रदेश में परिवहन की गई धान के विरूद्ध स्वीकृति पत्रक जारी करने में नरसिंहपुर जिला अग्रणी है। अब तक किसानों के बैंक खातों में शासन द्वारा 36.31 करोड़ रुपये का भुगतान सफलतापूर्वक किया जा चुका है। जिले में खरीदी गई धान के विरूद्ध 44 प्रतिशत उपज सीधे राईस मिलर्स को प्रदाय की गई है। मप्र में राईस मिलर को सीधे धान प्रदाय करने वाले जिलों में नरसिंहपुर जिला प्रथम स्थान पर है।

### कलेक्टर ने ईव्हीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने शुक्रवार 29 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाऊस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

### बरमान मेला संबंधी बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** कलेक्टर एवं बरमान मेला समिति की अध्यक्ष सुश्री ऋजु बाफना द्वारा बरमान मेला- 2024 की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में अब शनिवार 30 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से बरमानकलां विश्राम गृह में बैठक आयोजित की जायेगी। पूर्व में यह बैठक शुक्रवार 29 दिसम्बर को आयोजित की जाना थी, जिसे संशोधित कर अब 30 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से आयोजित की जायेगी। यह जानकारी सचिव मेला समिति बरमान एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चांवरपाठा ने दी है।

### हाथी के हमले से घायल विधवा का जिला चिकित्सालय में उपचार जारी

**अनूपपुर।** जिले में 14 दिनों से निरंतर विचरण कर रहा एक नर हाथी द्वारा जो गुरुवार की शाम वन परिक्षेत्र जैतरी के गोवरी बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 302 ठेंगरहा के जंगल से शाम-रात को विचरण करते हुए शुक्रवार की सुबह 3:30 बजे छुलहा स्टेशन के पास सेन्दुरी गांव के निवासी 36 वर्षीय फूलबाई पति स्व,कामता प्रसाद राठौर पर अचानक तिपान नदी के किनारे स्थित खेत में बने घर में अपनी पुत्री रोषनी के साथ सो रही थी तभी अचानक तिपान नदी के ओर से आए हाथी की आहट पाकर मां एवं पुत्री घर से भागने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान फूलबाई को पकड कर जमीन में पटक दिया जिससे फूलबाई के चेहरा, पैर एवं पीठ में चोट आई वन विभाग के रात्रि गश्ती दल के राजबली साकेत, पंकज सिंह, राकेश रौतेल, वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल ग्राम पंचायत सेंदुरी के उप सरपंच मोहन राठौर, ग्राम पंचायत छुल्हा के सरपंच प्रतिनिधि पप्पू रौतेल मौके पर पहुंचकर हाथी के हमले से घायल महिला को गश्ती दल वाहन से जिला चिकित्सालय अनूपपुर ले जाकर ड्यूटी डॉक्टर विपिन कुमार से परीक्षण कराया तथा उपचार हेतु भर्ती कर उपचार प्रारंभ किया गयाविधवा फूलबाई की पति की की वर्ष पूर्व बीमारी से मौत हो गई रही।

प्राचार्य कक्ष व स्टोर रूम मे लगी आग

# गोटेगांव के शासकीय कालेज में लगी आग, दस्तावेज खाक



आग लगने से कालेज में मची अफ़रा-तफ़री
छत से कूदकर छात्रों ने बचाई जान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** शुक्रवार को तकरीबन दोपहर ढाई बजे गोटेगांव के शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय में अचानक ही आग लग गई। आग लगने से महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्टोर रूम एवं प्राचार्य रूम में आग की सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर, पार्षद जितेंद्र पुरोहित, दीपक सोनी सहित पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और दमकल को सूचना दी गई।

### मशक्कत के बाद बुझाई गई आग

मौके पर आग बुझाने पहुंची दमकल की गाड़ियों ने करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू में किया। गोटेगांव स्थानीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय कालेज के स्टोर रूम एवं प्राचार्य रूम में शुक्रवार दोपहर दो ढाई बजे आग लग गई। स्टोर में पिछले वर्षों के प्रवेश से संबंधित फार्म आदि और दस वर्षों पुराना कुछ रिकार्ड रखा हुआ था जो जलकर खाक हो गया । आग लगते ही अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया और नगर पालिका प्रशासन को सूचना दी गई । हालांकि किसी प्रकार की जन हानि नही हुई लेकिन उक्त मामले मे प्रशासन की लापरवाही नजर आ रही है ।

### छत से कूदकर कर भागे विद्यार्थी

शासकीय महाविद्यालय में अचानक से आग लगने के कारण कई विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की छत से कूदकर जान बचाई और मौके से भागे। यहां आग से बचाव के साधन भी नहीं थे। शासकीय महाविद्यालय होने के बाद भी यहां लापरवाही बरती गई। जहां पर आग लगी हुई थी उसी के बगल में बाहर निकलने का रास्ता था जो कि बंद हो गया था। आग तेजी से फैली जिसके कारण विद्यार्थियों को महाविद्याल की छत से कूदकर जान बचानी पड़ी। महाविद्याल के छत की ऊंचाई अधिक नहीं थी जिसके कारण समझबूझ से बच्चों ने खुद की जान बचाने में सफल हुए। अगर यह आग किसी ऊंची इमारत में लगती तो गुजरात से सूरत में विगत वर्षों हुए अग्नि हादसे जैसा मंजर हो सकता था। जहां कोचिंग संस्थान में आग से कई बच्चे छत से कूद-कूदकर भी मौत के मुह में समा गए थे।

### शार्ट सर्किट के चलते हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि अचानक ही हुई शार्टसर्किट के चलते महाविद्यालय में आग लग गई थी। अच्छी बात यह है कि इस पूरी घटना में किसी तरह की जन हानि नहीं हुई है। महाविद्यालय के प्राचार्य का कहना है कि शार्ट सर्किट के चलते लगी आग से धुआं उठा था। तुरंत दमकल की मदद से आग पर पूरी तरह से काबू कर लिया गया है। वहीं अब यह भी देखा जा रहा है कि अचानक से आखिर कैसे शार्टसर्किट हुआ। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### मामले की हो सूक्ष्मता से जांच

शासकीय महाविद्यालय में अचानक आग लगाना महाविद्यालय स्टाफ की लापरवाही को उजागर करती है। चर्चा में यह भी है कि स्टाफ में लंबे समय से विवाद चल रहा है। पूर्व में बिजली संबंधित कार्यों और बिलों का भुगतान भी कराया गया है। अगर ऐसा हुआ है तो फिर शार्टसर्किट का होना संदेह की नजर से देखा जा रहा है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि मामले के अगर सूक्ष्मता से जांच होती है तो उसमें और भी तथ्य सामने निकल कर आ सकते हैं। जानकार बताते हैं कि मामले में कॉलेज के स्टाफ का हाथ भी हो सकता है।

## 51 व्यक्तियों को दिये लायसेंस व 62 को किया पुर्नव्यवस्थापित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** खुले में तथा बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए पशु मांस तथा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध के संबंध में मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 268 एवं 269 के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) के बिना पशु मांस तथा मछली के विक्रय नहीं किये जाने का प्रावधान है। मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 268 एवं 269 के प्रावधानों के तहत कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने समस्त नगरीय निकाय को बिना अनुमति के अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए खुले में पशु मांस तथा मछली विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है। ऐसे व्यक्ति जो अवैध अथवा नियम विरूद्ध बिना अनुमति पत्र के या लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए पशु मांस अथवा मछली का विक्रय कर रहे हैं, उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए दलों का गठन किया गया है। कलेक्टर के निदेर्शानुसार जिले के नगरीय निकायों में दलों द्वारा खुले में तथा बिना अनुमति पत्र के पशु/ मांस तथा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध की कार्यवाही की गई। इस दौरान जिले की सभी नगरीय निकायों द्वारा मांस विक्रय करने वाली कुल 2 दुकानें बंद करवाई गई। मांस विक्रय करने वाले कुल 51 व्यक्तियों को लायसेंस जारी किये गये। मांस विक्रय करने वाले कुल 62 व्यक्तियों को निकाय द्वारा पुर्नव्यवस्थापित किया गया। नगरीय निकाय द्वारा मांस विक्रय करने वाली कुल 297 दुकानों पर पर्दे लगवाये गये। इस सिलसिले में नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर द्वारा मांस विक्रय करने वाली 2 दुकानें बंद करवाई। मांस विक्रय करने वाले 10 व्यक्तियों को लायसेंस जारी, मांस विक्रय करने वाले 9 व्यक्तियों को पुर्नव्यवस्थापित और मांस विक्रय करने वाली 58 दुकानों पर पर्दे लगाये गये। नगर पालिका परिषद गाडरवारा द्वारा मांस विक्रय करने वाले 19 व्यक्तियों को पुर्नव्यवस्थापित और मांस विक्रय करने वाली 105 दुकानों पर पर्दे लगाये गये। नगर पालिका परिषद करेली द्वारा मांस विक्रय करने वाले 3 व्यक्तियों को पुर्नव्यवस्थापित और मांस विक्रय करने वाली 23 दुकानों पर पर्दे लगाये गये। नगर पालिका परिषद गोटेगांव द्वारा मांस विक्रय करने वाले 22 व्यक्तियों को लायसेंस जारी और मांस विक्रय करने वाली 25 दुकानों पर पर्दे लगाये गये। नगर परिषद तेंदूखेड़ा द्वारा मांस विक्रय करने वाले 7 व्यक्तियों को पुर्नव्यवस्थापित और मांस विक्रय करने वाली 23 दुकानों पर पर्दे लगाये गये। नगर परिषद चीचली द्वारा मांस विक्रय करने वाले 14 व्यक्तियों को पुर्नव्यवस्थापित और मांस विक्रय करने वाली 18 दुकानों पर पर्दे लगाये गये। नगर परिषद सांईखेड़ा द्वारा मांस विक्रय करने वाले 15 व्यक्तियों को लायसेंस जारी, 5 व्यक्तियों को पुर्नव्यवस्थापित और 25 दुकानों पर पर्दे लगाये गये। नगर परिषद सालीचौका द्वारा मांस विक्रय करने वाले 4 व्यक्तियों को लायसेंस जारी, 5 व्यक्तियों को पुर्नव्यवस्थापित और 20 दुकानों पर पर्दे लगाये गये। जिले के नगरीय निकायों में गठित दलों द्वारा 15 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक खुले में तथा बिना अनुमति पत्र के पशु/ मांस तथा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध की कार्यवाही के दौरान कुल 112 दुकानों पर 7500 रुपये तक का अर्थदंड लगाया गया। नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर द्वारा 13 दुकानों पर एक हजार रुपये, गाडरवारा द्वारा 45 दुकानों पर 1200 रुपये, करेली द्वारा 11 दुकानों पर 1500 रुपये, गोटेगांव द्वारा एक हजार रुपये और नगर परिषद तेंदूखेड़ा द्वारा 9 दुकानों पर एक हजार रुपये, चीचली द्वारा 14 दुकानों पर 800 रुपये, सांईखेड़ा द्वारा 20 दुकानों पर 400 रुपये और सालीचौका द्वारा 600 रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

## याद ए गुलाम समृति पर कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - करेली ।** विगत दिवस जिले की महत्त्वपूर्ण साहित्यिक संस्था साखी साहित्य परिषद के तत्त्वावधान में मरहूम शायर गुलाम करेलवी की स्मृति में याद ए गुलाम कार्यक्रम स्थानीय पं विद्या प्रसाद शर्मा वृद्ध सामुदायिक सदन में राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी के मुख्य आतिथ्य, सत्यप्रकाश साहनी की अध्यक्षता, पं ताराचंद पाराशर व रमेश कोचर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। चित्रों पर माल्यार्पण,दीप प्रज्ज्वलन , सरस्वती वंदना, अतिथि स्वागत, के बाद मुख्य अतिथि कैलाश सोनी ने गुलाम करेलवी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नगर का महत्त्वपूर्ण व्यक्तित्व निरूपित किया। तत्पश्चात कवि सम्मेलन की शुरूआत में सबसे पहले दमोह से पधारे शायर अदीब दमोही ने कलाम पेश करते हुए सुनाया कि 'चले जाते हैं दुनिया से निशानी छूट जाती है, यहां हर एक इंसा की कहानी छूट जाती है। बुंदेली कवि पं रमेश तिवारी दमोह ने बुंदेली में कविता पढ़ते हुए यह कहा कि 'बरियाबत के चढ़े घाट तुम, कर रये सबकी खड़ी खाट तुम।' अगले क्रम में ताहिर दमोही ने शे'र कुछ इस तरह बयां किया कि ' आजकल मौत फूल जैसी है, जिंदगानी बबूल जैसी है।' दमोह के ही शायर केशू तिवारी ने गजल सुनाते हुए कहा कि 'दिन रात सोने ही सोने के दिन है, अनव्याही आफत के गौने के दिन है।' सोहागपुर के बुंदेली कवि पं राजेन्द्र सहारिया ने सुनाया कि ' सबके करीब हों अमीर कै गरीब एक हाथ है सलाम दोइ हाथ राम राम है,पाकै सम्मान नेक जरा नै गुमान अरे जई से तो जमानों गुलाम को गुलाम है।' इसी तरह प्रोफेसर माधव श्रीवास्तव, खलील करेलवी, रामनारायण कौरव, शंकरपाल सिंह चौहान, कार्यक्रम संचालक नारायण श्रीवास्तव एवं अवधेश कौरव ने भी सम सामयिक कविताएं पढ़ी। इस उल्लेखनीय आयोजन में हाजी शब्बीर उस्मानी, अबरार खान राजू नरसिंहपुर, संगीता शर्मा, खालिक कुरैशी, रामकिशन रघुवंशी, कमलेश लुलावत, सुरेश नेमा, शैलेश पटेल, प्रवीण श्रीवास्तव, वसंत तिगनाथ, ठाकुर धर्मेंद्र सिंह, मुन्ना यादव, राजेन्द्र श्रीवास्तव, की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम की सफलता में वरिष्ठ नागरिक मंच योगदान सराहनीय रहा।

## स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 65 स्कूलों में पुस्तकालय की हुई शुरूआत



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा जिले की सभी 6 जनपद पंचायतों में 31 ग्राम पंचायतों में जनजागृति पुस्तकालय की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 65 स्कूलों में पुस्तकालय शुरू किए गए हैं। इन पुस्तकालय में ग्रामीण स्तर पर ही रोचक, मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। इन पुस्तकालयों में कृषि, प्रतियोगी परीक्षाएं, नवोदय स्कूल, पुलिस भर्ती, एमपी पीएससी परीक्षा आदि के लिए आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। भविष्य में इस प्रकार के पुस्तकालय जिले की अन्य ग्राम पंचायतों में भी खोले जाने का प्रस्ताव हैं। जिले की जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत सिंहपुर बड़ा, बहोरीपार कला, डांगीढाना व धमना, जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत बगासपुर, श्रीनगर, लाठगांव, रोहिया व कुकलाह, जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत खैरीनाका, बघुवार, आमगांव बडा, मोहद व बरमान कला, जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत शाहपुर, करपगांव, सूखाखैरी, छेनाकछार, कुडारी व उमरिया, जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत खुलरी, सडूमर, बोहानी, कौंड़िया और जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत दहलवाड़ा, विचुआ, खुरसीपार, निवारी, पीपरपानी, मुआर व खैरीपाली में पुस्तकालय की स्थापना की गई है।

## अधिवक्ता पर हमला करने के मामले मे वकीलों ने सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण शर्मा के ऊपर राष्ट्रीय राजमार्ग नरसिंहपुर से छिंदवाड़ा रोड पर ग्राम सिंहपुर के समीप चार नकाबपोश व्यक्तियों ने 28 दिसंबर की दोपहर में जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इस घटना को लेकर लोगों में रोष है वहीं जिला अधिवक्ता संघ ने इस घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जिला अधिवक्ता संघ ने ज्ञापन में बताया कि जिले में आम लोगों का जीवन असुरक्षित हो गया है। सरेआम लोगों पर हमले किए जा रहे हैं, अधिवक्ता प्रवीण शर्मा के ऊपर भी हमला किया गया वे मोटरसाईकिल से विधि व्यवसाय करने के लिए दोपहर करीब 12 बजे अपने गांव सिंहपुर से निकले। सिंहपुर से दो किमी. दूर एक मोटरसाईकिल आई जो तेज गति से उनके मोटरसाईकिल के आगे आ गई तथा अन्य दो व्यक्ति भी इसी बीच आ गए। अधिवक्ता श्री शर्मा को रोकर गाली देते हुए उनके साथ मारपीट की। साथ ही लोहे की चैन से उन पर हमला किया गया। उनकी मोटरसाईकिल में तोडफोड़ की गई। अन्य लोगों को आते देख चारों मोटरसाईकिल से भाग गए। अधिवक्ता संघ ने इस घटना की निंदा करते हुए पुलिस अधीक्षक से हमलावरों की पहचान कर उन पर कार्यवाही की मांग की है। वहीं पुलिस थाना सिंहपुर चौकी में प्रकरण दर्ज किया गया।

## विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 422 नागरिकों का किया गया नेत्र परीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** स्थानीय नरसिंह मंदिर परिसर में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा किया। इस शिविर में सारक्षी नेत्रालय नागपुर से आए हुए विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों की टीम ने शहर के करीब 422 महिला पुरूषों का निशुल्क परीक्षण करते हुए आवश्यक परामर्श प्रदान किया। इस शिविर में 60 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए भी चिन्हित किया गया। इसके अलावा शिविर में पहुंचे रोगियों की आंखो का लाल होना,आंखों से पानी निकलने जैसी समस्याओं की भी जांच की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, वरिष्ठ समाज सेवी सुनील कोठारी, श्री नरसिंह पब्लिक स्कूल के संचालक संजय नेमा,रोहित कौरव, स्थानीय पार्षद संतोष चौकसे उपस्थित रहे। शिविर में संगठन की ओर से जिला अध्यक्ष प्रभात उदेनिया, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती श्रध्दा श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, श्रीमती सुनीता गोटे, चावरपाठा ब्लाक उपाध्यक्ष नेतराज सिंह पटेल, नरसिंहपुर ब्लॉक अध्यक्ष शिवहरि मिश्रा , ब्लॉक संगठन मंत्री नितिन पांडे, रीतेश सोनी, सूरज बैरागी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे I



## जिले के प्रवास पर रहेंगे मंत्री श्री राव विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह शनिवार 30 दिसम्बर और रविवार 31 दिसम्बर को जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री सिंह शनिवार 30 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से लोलरी से नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे यहां कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर में प्रातः 11.30 बजे जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। इसके बाद मंत्री श्री सिंह दोपहर एक बजे नरसिंहपुर से व्हाया करेली व गाडरवारा से होते हुए ग्राम सिंहपुरछोटा के लिए प्रस्थान कर दोपहर 1.45 बजे सिंहपुरछोटा आयेंगे और विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके उपरांत वे दोपहर 2.45 बजे से सिंहपुर छोटा से प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे ग्राम मऊ आयेंगे और विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे अपरान्ह 4 बजे ग्राम मऊ से प्रस्थान कर शाम 4.30 बजे गाडरवारा आयेंगे। वे यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे के उपरांत रात्रि विश्राम करेंगे।मंत्री श्री सिंह रविवार 31 दिसम्बर को दोपहर 12.30 बजे गाडरवारा से प्रस्थान कर दोपहर एक बजे ग्राम पिठवानी आयेंगे और विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके उपरांत वे दोपहर दो बजे ग्राम पिठवानी से प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे दहलवाड़ा आयेंगे और विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री सिंह अपरान्ह 3.30 बजे दहलवाड़ा से प्रस्थान कर सायं 4.30 बजे लोलरी आयेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे।